प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

17.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मध्यप्रदेश–पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के धार से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह शिविर का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय सहायता भी हस्तांतरित की। उन्होंने महिलाओं से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जाँच कराने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के एक सौ 40 करोड़ लोगों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शांडिल

इधर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा शिमला स्थित आई.जी.एम.सी. में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को वर्चुअल माध्यम से प्रसारित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने प्रदेश में 2 अक्तूबर तक चलने वाले इस अभियान की शुरूआत की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभियान के तहत 8 लाख महिलाओं की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है और हर पीएचसी में सौ महिलाओं की स्वास्थ्य जांच होनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है ताकि महिलाएं आगे चलकर किसी गम्भीर बीमारी का शिकार न बनें।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को आपदा प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में भारी वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी उपायुक्तों को सतर्क रहने और प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर राहत व पुनर्वास कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भाजपा सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी आज से 2 अक्तूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मना रही है। भाजपा ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला शुरू की है और सेवा पखवाड़े के दौरान, अलग–अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसके तहत शिमला के गेयटी थिएटर में आज प्रधानमंत्री मोदी की जीवनी पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई जिसका शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने किया। बाद में उन्होंने भाजयुमो द्वारा आयोजित एक रक्तदान शिविर में भी भाग लिया। इस मौके पर बिन्दल ने कहा कि ये देश का सौभाग्य है कि नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से भारत को विश्व में शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा किया है।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर सहित स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

जीएसटी सुधार

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कमी की। आज, हम

नवीकरणीय ऊर्जा पर एक नज़र डालते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की लागत कम हुई है, जिससे बिजली अधिक किफायती हो गई है और इसका सीधा लाभ परिवारों को मिल रहा है। इस कदम से रूफटॉप सोलर सिस्टम, सोलर पंप और अन्य उपकरणों की लागत भी कम होगी, जिससे परिवारों, किसानों, उद्योगों और डेवलपर्स को लाभ होगा और देश में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव को बढ़ावा मिलेगा।

____________________